प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
76 साल बेमिसाल
www.subhartimedia.com लखनऊ, गुरुवार, 23 अप्रैल 2020, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 08 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित
खाड़ी देशों में तमाम भारतीय मजदूर बेरोजगार, सैलरी देने से भी इंकार -8

जरूरतमंदों को बांटी राहत सामग्री

लखनऊ-प्रभात

वैश्विक महामारी कोरोना के दंश से उबरने की जद्दोजहद जारी है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देशभर में लॉकडाउन सेकेंड जारी है। संकट की इस घड़ी में पूरा देश एकजुट है और कोरोना के खिलाफ जंग में हरकदम सरकार के साथ है। प्रदेश की योगी सरकार भी कोरोना से निपटने में हरसंभव बेहतर प्रयास करने में जुटी हुई है। तमाम समाजसेवी संगठन तथा निजी स्तर पर भी लोग सेवाभाव के चलते मदद को आगे आ रहे हैं तथा अपनी क्षमता के हिसाब से देशभक्ति का जज्बा कायम रखे हुए हैं।

इसी क्रम में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के तत्वाधान में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से प्राप्त राहत सामग्री व विराम खण्ड–5 जनकल्याण समिति के सह्योग द्वारा कोरोना संक्रमण महामारी के दौरान विराम खण्ड.5 के आस.पास मौजूद ग़रीब व बेसहारा लोगों को 21 व 22 अप्रैल को वितरण किया गया। उक्त समय विराम खण्ड–5 जनकल्याण समिति के पदाधिकारीगण, आरएस मिश्रा सचिव डा.भरत राज सिंहए पर्यावरणविद व सलाहकार और प्रचार सचिवए एसबीएल मल्होत्रा, सहायक सचिव व पूर्व मंत्री गोरखनाथ प्रसाद उपस्थित रहे।